समारोह | माता गुजरी महिला महाविद्यालय में गोल्ड मेडल वितरण समारोह, खिल उठे छात्राओं के चेहरे

# मेधावी बेटियों के सिर सजा स्वर्ण का ताज





**नवभारत,जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) के सेमिनार हॉल में शनिवार को गोल्ड मेडल वितरण समारोह उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वर्ण पदक प्राप्त करते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव एवं छात्राओं द्वारा शबद गायन से हुई। इसके बाद मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। समारोह में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब और रजिस्ट्रार डॉ. सत्येंद्र कुररिया सहित गुरु गोविंद सिंह एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षा ही सफलता का सबसे मजबूत आधार

समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि जबलपुर नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभिलाष पांडे ने छात्राओं को स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे मजबूत आधार है।

## आयोजन में रहा इनका सहयोग

कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. मोनिका धगट और डॉ. पुष्पा रमेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक ईशा माहेश्वरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक इला शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर राकेश तिवारी और राफेल परास्ते का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

## आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब ने संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी दी। सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह बंसल ने छात्राओं को बधाई और आशीर्वाद देते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## इनका कहना है



यह उपलब्धि मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ये सफलता मिली है।

**श्रेया दुबे ( बीबीए - ओवरऑल टॉपर )**



गोल्ड मेडल मिलने से मेरा आत्म विश्वास बढ़ा है, मैं आगे भी अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करके भविष्य में सफल होना चाहती हूं।

**सौम्या वर्मा ( एमकॉम )**



निरंतर मेहनत और शिक्षकों के सहयोग से यह सफलता संभव हुई है और यह सम्मानआगे और बेहतर करने की प्रेरणा देगा।

**शिवानी जवारे ( एमएससी जूलॉजी )**



अमित मैम और सभी शिक्षकों के साथ परिवार के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हुई। अभी मैं एमए इकोनॉमिक्स की पढ़ाई कर रही हूं और आगे चलकर शिक्षण क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं।

**सेजल नामदेव ( बीएड )**



# नववर्ष पर गुरुद्वारों में गूंजी इलाही गुरुवाणी

**खंडा चौक एवं गुरु तेग बहादुर महाराज मार्ग का लोकार्पण**

**नवभारत, जबलपुर।** गुरुनानक शाही कैलेंडर के अनुसार गुरुद्वारा गोरखपुर में नववर्ष एवं चैत्र मास की पवित्र संग्रांद के अवसर पर भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीबी कंवलजीत कौर (शाहबाद, मार्कण्डेय वाले) एवं हुजूरी रागी जत्था भाई बलजीत सिंह ने गुरुवाणी शबद कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रधान रजिंदर सिंह छावड़ा ने लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू तथा समाजसेवी अमरजीत सिंह धन्जल को सिरोपा और शाल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव मनप्रीत सिंह आहूजा मिक्की ने किया। इसके पश्चात संगत के लिए गुरु का लंगर वितरित किया गया।

हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी, माता गुजरी जी तथा साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतह सिंह जी के 350वें शताब्दी शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में गोरखपुर में खंडा चौक एवं श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज मार्ग का लोकार्पण किया गया। इसका लोकार्पण मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री राकेश सिंह एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने किया।



## ये रहे उपस्थित

इस आयोजन में जबलपुर सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, सिख यूथ विंग एवं सिख सेवक जत्था के रजिंदर सिंह छावड़ा, अमरजीत सिंह धन्जल, मनमोहन सिंह सहित सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पार्षद जयलक्ष्मी चक्रवर्ती, काके आनंद, कुंवरपाल सिंह शेरू, सुरिंदर सिंह होरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### एआईआरएफ ने महिला दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम

**जबलपुर, नवभारत।** आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) व वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) के तत्वावधान में महिला विंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शानदार व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही इस मौके पर प्रतिभागी नारी शक्ति को पुरस्कृत भी किया गया। महिला शक्ति के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां अत्यंत प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण रही कार्यक्रम में 300 से अधिक महिला शक्ति ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिन्द मजदूर सभा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रियंका सिंह उपस्थित रहीं नारी शक्ति के इस उत्सव में बेहतरीन लोक नृत्य और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत प्रदर्शनों ने समां बांध दिया अंत में यूनियन के मंडल अध्यक्ष बी एन शुक्ला, मंडल सचिव रोमेश मिश्रा एवं महिला विंग पदाधिकारियों ने समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया एवं उपस्थित समस्त महिला शक्ति को उपहार भी प्रदान किया। कार्यक्रम में कॉम आरती यादव, चांदनी, कीर्ति, संजू रंगारे, अंशुल, श्वेता कनौजिया, अरुणा सहित महिला विंग की समस्त कामरेड्स उपस्थित रहीं।



### सेवानिवृत्त महिला कर्मचारियों का किया सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीसीएफ स्थित मजदूर संघ 'हथौड़ा' कार्यालय में महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शांता सहाय ने की। समारोह में सैकड़ों महिला कर्मचारियों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं युवतियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत इस वर्ष सेवानिवृत्त होने वाली महिला कर्मचारियों के सम्मान से हुई। उन्हें माल्यार्पण कर शुभकामनाएँ दी गईं और केक काटकर अग्रिम जन्मदिन की बधाई भी दी गई। इस दौरान महिला कर्मचारियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर नारी शक्ति के विभिन्न रूपों, गृहस्थ जीवन और निर्माणी में निभाई जा रही जिम्मेदारियों तथा पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उत्पादन में भागीदारी पर प्रकाश डाला। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शांता सहाय ने मजदूर संघ 'हथौड़ा' के अध्यक्ष विनय गुप्ता और महामंत्री रोहित यादव को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए धन्यवाद दिया। मंच संचालन अमित चंदेल और राजा पांडे ने किया। कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों में कीर्ति राय, वंदना, सरिता टेकाम, संगीता सिंह तथा कार्यसमिति सदस्यों में बीरबल सिंह, पार्थ ओझा, देवेंद्र प्रताप, रितेश बेन और राजेश भारती की विशेष भूमिका रही।



### कम्प्यूटर सीसीटीवी एसोसिएशन के पदाधिकारी घोषित

**नवभारत,जबलपुर।** कम्प्यूटर सीसीटीवी वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव सर्व सम्मति से किया गया। जिसमें कोर मेंबर की सहमति से संदीप जैन को अध्यक्ष चुना गया, साथ ही अमित जैन नाना, अजीत सिंह को उपाध्यक्ष, संदीप सोनी को सचिव, स्वतंत्र जैन एवं प्रशांत चौरसिया को उप सचिव बनाया गया है।

# आध्यात्मिक मार्ग मनुष्य की आत्मा को बदलता हैं : शैलेंद्र सरस्वती

**ओशो अनुज स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने साझा किए ओशो के विचार**



**नवभारत,जबलपुर।** वरिष्ठ साधक और ओशो अनुज स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में ओशो रजनीश के जीवन और ध्यान संबंधी विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि जीवन बदलने के दो मार्ग हैं—राजनीतिक प्रयास जो समाज को बाहर से बदलने की कोशिश करते हैं और आध्यात्मिक मार्ग जो मनुष्य की आत्मा को बदलते हैं। स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने कहा कि असली परिवर्तन भीतर से आता है। 'जब कोई व्यक्ति शांत, संतुष्ट और आनंदित होता है, तो उसकी शांति की तरंगें समाज में भी फैल सकती हैं।

परिणाम को लक्ष्य बनाना भूल है, ध्यान बिना अपेक्षा के करना चाहिए। उन्होंने विज्ञान और ध्यान के संतुलन पर भी प्रकाश डाला। आज मनुष्य के पास ज्ञान और शक्ति तो बहुत है, लेकिन चेतना उतनी विकसित नहीं है। 'विज्ञान हमें शक्ति देता है, ध्यान हमें दिशा देता है। भविष्य का मनुष्य वही होगा, जो प्रयोगशाला में भी हो और ध्यान में भी,' उन्होंने कहा। स्वामी जी ने धर्म, प्रेम और ओंकार के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि जीवन के प्रति श्रद्धा, ध्यान, प्रेम और आंतरिक नाद—यही सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा कि परमात्मा को पाना नहीं, पहचानना है—वह हमारी चेतना का अंतर्निहित हिस्सा है। पत्रकार वार्ता के अंत में स्वामी जी ने सभी से आह्वान किया कि जीवन में प्रेम, कृतज्ञता और शांति का अनुभव करें और इसे दूसरों तक पहुंचाएं।

## हवाबाग कॉलेज में नेत्रों का किया गया नि :शुल्क परीक्षण

**नवभारत,जबलपुर।** हवाबाग महाविद्यालय के राष्ट्रीय योजना शिविर में जिला चिकित्सालय की टीम डॉ. प्रिया पवार द्वारा नेत्र शिविर में नेत्रों का नि:शुल्क परीक्षण किया गया। साथ ही डॉ. रोमिका राव द्वारा दांतों की नि:शुल्क जाँच का कार्य किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों, ग्वारीघाट ग्राम के लोगों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधक छाया सिलाज, प्राचार्य डॉ. शाहेवर सैयद एवं डॉ. आलोक चंसोरिया के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जयश्री दीक्षित एवं डॉ. अनीता उपाध्याय द्वारा किया गया।



## डॉ. कारमोरे को मिला 'राष्ट्रीय शिक्षा गौरव 2026' सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, अधारताल, उब महाविद्यालय में पदस्थ प्रोफेसर डॉ. श्यामसागर के. कारमोरे को उनके शैक्षणिक में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक अचीवर अवॉर्ड - 2026 वें सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 9 एवं 10 मार्च 2026 को मध्यप्रदेश के कटनी जिले के बरही स्थित आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में प्रदान किया गया। संगोष्ठी का विषय शिक्षा, ज्ञान परंपरा की भूमिका: 2047 के परिप्रेक्ष्य में रखा गया था। डॉ. कारमोरे को शिक्षा एवं पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय यो कार्य तथा अकादमिक नेतृत्व के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. कारमोरे को प्राप्त इस सम्मान पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश् सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं।



## नर्मदा मंडल के रजत जयंती वर्ष पर होगा सुंदरकाण्ड पाठ

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर मां नर्मदा चेतना जनजागरण अभियान मंडल के रजत जयंती वर्ष पर एक विशेष बैठक देवेंद्र नेमा की अध्यक्षता में हनुमान मंदिर मिलौनीगंज में आयोजित की गई। जिसमें मानस संकीर्तन मंडल जबलपुर के संयोजकत्व में रविवार 25 मार्च 2026 को सायं 6 बजे सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं विभिन्न मण्डलों की सहभागिता से रात्रि 9 बजे नाम संकीर्तन का वृहद् आयोजन का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पवन साहू, संतोष अग्रहरि, अतुल अग्रहरि, प्रदीप दुबे, आलोक तिवारी, अशोक पटवा, नीतू बहरे, सुरेन्द्र पांडे, नवदीप पटवा, नरेश कहार, मगन विश्वकर्मा, देवव्रत सोनी, गुड्डू साहू, अनंत पटवा आदि उपस्थित रहे।

## बैंक ऑफ इंडिया का 'मेगा समझौता अभियान' 16 से

**नवभारत, जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 16 से 20 मार्च 2026 तक देशभर की शाखाओं, जोनों और एफजीएमओ में 'मेगा समझौता अभियान' आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत एनपीए ऋण खातों का एकमुश्त निपटान (ओटीएस) किया जाएगा। यह विशेष पहल उन उधारकर्ताओं के लिए है जो व्यवसायिक संकट, स्वास्थ्य समस्याओं या अन्य वास्तविक कारणों से समय पर ऋण नहीं चुका पाए हैं। बैंक ने छोटे और मध्यम श्रेणी के खातों के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं लागू की हैं, जिनके माध्यम से एनपीए खाताधारकों को आकर्षक छूट प्रदान की जा रही है। बैंक ने सभी एनपीए खाताधारकों से अपील की है कि वे 16 से 20 मार्च तक चलने वाले 'मेगा समझौता अभियान' का लाभ उठाकर अपने ऋण खातों का निपटान करें और इस सुनहरे अवसर का फायदा लें।

# रोटरी एक्सीलेंस में रंगारंग होली उत्सव का आयोजन



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में रोटरी एक्सीलेंस के सदस्यों ने मिलकर होली उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष रोटेरियन अशोक कुमार साहू ने किया और सभी को होली की शुभकामनाएं दी। श्वेता ओसवाल ने आगे होली की बधाई देते हुए कार्यक्रम का आगाज किया। कार्यक्रम में समरसता ने रंगारंग संगीत के साथ सभी सदस्यों और उनके परिवारों को अपनी प्रस्तुतियों में शामिल किया। रामकृष्ण चौक के कलाकारों ने फाग गीत प्रस्तुत किए। संचालन श्रीमती अनुभूति बादशाह ने किया और सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आशीष जैन, अमित जैन, अखिलेश बादशाह, शैलेंद्र जेठा, शालिनी अग्रवाल, अभिषेक केशरवानी, पवन केसरवानी, डॉक्टर हिमांशु, संतोष गुप्ता सहित सभी सदस्य अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को तिलक लगाया, होली की बधाई दी और हाउजी एवं विभिन्न खेलों में भाग लेकर आनंद उठाया। कार्यक्रम के समापन पर आशीष जैन ने सभी को शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात सेवा कार्यों पर चर्चा हुई और निर्धन तथा जरूरतमंदों के लिए बजट और योगदान पर निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

संगोष्ठी | दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

# मन का अनुशासन ही मानव उत्कर्ष का मार्ग है : डॉ. कड़ेल

**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी ''भारतीय दर्शन और योग: एक शारीरिक और मानसिक अनुशासन'' का उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कड़ेल, संचालक, हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. अनिल करवन्डे, नागपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. केशव सिंह, ग्वालियर एवं डॉ. पूनम कौशिक, इंदौर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया। संगोष्ठी संयोजक डॉ. ज्योति जुनगरे द्वारा संगोष्ठी की रुपरेखा प्रस्तुत की गई।



मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कड़ेल ने कहा कि भारतीय दर्शन में योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है।

ऋग्वेद से लेकर उपनिषदों और पंतजलि तक हमारे ऋषियों ने स्पष्ट कहा है कि मन का अनुशासन ही मानव उत्कर्ष का मार्ग है। विशिष्ट अतिथि डॉ. केशव सिंह ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है यही जीवन में संतुलन बनाता है।

## ये रहे उपस्थित

संगोष्ठी में डॉ. राजेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. आर.के.श्रीवास्तव, डॉ.डी.के. मिश्रा, डॉ. हेमंत तनकंपन, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश शामकुंवर, डॉ. मलय वर्मा, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. शुभांगी धगट, डॉ. जयराम सिंह, डॉ. रामेश्वर झारिया के साथ लगभग 194 प्राध्यापक, शोधार्थी संगोष्ठी में उपस्थित रहें।

## नीदरलैण्ड से भी जुड़े विशेषज्ञ

संगोष्ठी में नीदरलैण्ड से डॉ. रितु शर्मा नंनन पाण्डे ऑनलाइन माध्यम से जुड़ी उन्होनें अपने व्याख्यान में कहा कि भारतीय दर्शन मानव जीवन को संतुलित और सार्थक बनाने की महत्वपूर्ण पद्धति है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में योग के महत्व की विस्तुत जानकारी प्रदान की। संगोष्ठी समन्वयक, प्रो. अरुण शुक्ल ने आभार प्रदर्शन किया एवं मंच संचालन डॉ. रविश तमन्ना ताजिर एवं डॉ. संघप्रिया तिवारी द्वारा किया गया। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रुप में डॉ. संदीप अवस्थी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

# आंध्र एवं उड़ीसा के जादूगरों का होगा हैरतअंगेज प्रदर्शन

**18 वां 'जादू स्वाभिमान दिवस आज**

**नवभारत, जबलपुर।** स्विस टी.व्ही., इंडिया टूडे, असाई शिमबुम, टाईम्स ऑफ इंडिया तक चर्चित, 65 वर्षों से जादूकला संस्कृति आध्यात्म को निरन्तर नि:स्वार्थ समर्पित अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त जादूगर एस. के. निगम के 78 वे जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 18 वे जादू स्वाभिमान दिवस का आयोजन आज सायं 7 बजे से शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में आयोजित है। इस वर्ष जादूकला में उल्लेखनीय योगदान पर राजमुन्दरी (आंध्रप्रदेश) के ख्यातिलब्ध जादूगर मनोहर स्टिक एवं उड़ीसा के जादूगर डॉ. भारतभूषण को जादू स्वाभिमान श्री' से अलंकृत किया जाएगा, वहीं मनोहर स्टिक को लाईफटाईम अवार्ड से नवाजा जायेगा। गुंजन कला सदन, शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, सैम सीनियर सिटीजन क्लब, गूंज, महर्षि संस्थान, पाथेय, प्रसंग, जादू अकादमी के संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति का निवेदन पूर्व न्यायाधीश मीना भट्ट, पवन समदड़िया, विजय जयसवाल, आर. के. टेहनगुरिया, अनूप-किरण खरे, डॉ. रोमिल सिंघई, चमन श्रीवास्तव, प्रतुल श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता निगम, राजेश पाठक, राजीव गुप्ता, विंग कमांडर चंदन शर्मा, सेवानिवृत पुलिस अधीक्षक, गोपाल खाण्डेल, जसवीर चौपड़ा, प्रमोद जैन, मुन्ना गूजर, बबलू मैथ्यूज, रूमा बेनर्जी, राखी मजूमदार आदि ने की है।

